ACHIEVING NEW HEIGHTS

# Lords Chloro Alkali Limited

A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

Date: 14th February, 2020

To,
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500824**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of published newspaper cutting in the English and Hindi newspaper for Standalone Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended on 31st December, 2019.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Encl: a/a**

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

CIN : L24117RJ1979PLC002099
REGD. OFFICE : SP-460 MATSYA INDUSTRIAL AREA, ALWAR - 301030 (RAJASTHAN)
CORPORATE OFFICE : A - 264, FIRST FLOOR, DEFENCE COLONY, NEW DELHI - 110024
Tel. : +91-11-46865999, 41627937, Fax : +91-11-46865930 Email : secretarial@lordschloro.com Web: www.lordschloro.com

## EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31 DECEMBER, 2019

(Rs in Lakhs)

| PARTICULARS | 3 MONTHS ENDED 31, DEC 2019 (UNAUDITED) | NINE MONTHS ENDED 31, DEC 2019 (UNAUDITED) | 3 MONTHS ENDED 31, DEC 2018 (UNAUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total income | 4,586.13 | 16,551.86 | 6,622.34 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 142.96 | 1,777.61 | 1,086.61 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 142.96 | 1,777.61 | 1,086.61 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 106.62 | 1,262.65 | 772.99 |
| Total comprehensive income for the period [(comprising profit/ (Loss) for the period and other comprehensive income (after tax))] | 107.24 | 1,264.50 | 769.04 |
| Paid up Equity Share Capital (face value of Rs. 10/- each) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| Other equity excluding revaluation reserve | - | - | - |
| Earnings per share (of Rs. 10/- each) (for continuing operations) : | | | |
| a) Basic | 0.42 | 5.02 | 3.06 |
| b) Diluted | 0.42 | 5.02 | 3.06 |

**Notes :**

1) The above financial results were reviewed and recommended by the audit committee and further considered & approved by the Board of Directors at their meeting held on Feb 12, 2020. The limited review under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015 has been completed by the Statutory Auditors of the Company.
2) The above is an extract of the detailed format of the Un-audited financial results for the Quarter and Nine months ended on 31st Dec, 2019 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-audited financial results for the Quarter and Nine months ended on 31st Dec, 2019 are available on the stock exchange website, www.bseindia.com and on the Company website www.lordschloro.com.
3) The financial results have been prepared in accordance with the principles and procedures of Indian Accounting Standards ("Ind AS") as notified under the Companies (India Accounting Standards) Rules, 2015 as specified in section 133 of Companies Act, 2013.
4) The Company has adopted Ind AS 116 "Leases" effective April 1, 2019 as notified by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) in the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules 2019, using modified retrospective method. The adoption of this standard did not have any material impact on the profit of the current quarter.

FOR LORDS CHLORO ALKALI LIMITED
Sd/-
Ajay Virmani
(Managing Director)
DIN: 00758726

Place : New Delhi
Date : 12.02.2020

New Okhla Industrial Development Authority

PCJ PC
Extract of un-au
quarter and

| S. No. | Particulars |
|---|---|
| 1. | Total Income from Operations |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or E |
| 3. | Net Profit for the period before ta (after Exceptional and/or Extraor |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraor |
| 5. | Total Comprehensive Income fo [Comprising Profit for the period and Other Comprehensive Incor |
| 6. | Equity Share Capital |
| 7. | Reserves (excluding Revaluatio in the Audited Balance Sheet of |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- 1. Basic (Rs.) 2. Diluted (Rs.) |

Key figures of un-audited standalone fin

| S. No. | Particula |
|---|---|
| 1. | Total Income from Operations |
| 2. | Net Profit for the period before t |
| 3. | Net Profit for the period after ta |

Note:

### संविधान में संशोधन करने वाली समिति से मिलेंगे पुतिन

*मॉस्को, स्पूतनिक। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन देश के संविधान में बदलाव करने वाले कार्य समिति के साथ बैठक करेंगे। रूस की संसद क्रेमलिन द्वारा जारी बयान में कहा गया, "श्री पुतिन संविधान में बदलाव करने वाली समिति के साथ सामान्य बैठक करेंगे जिसमें कार्यकारी शक्ति, विज्ञान, कला, प्रमुख सार्वजनिक हस्तियों के निकायों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।" कार्यदल के उपाध्यक्ष एंव सांसद आंद्रे क्लीशस के अनुसार इस बैठक में मूल कानून में संशोधन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी वोट रखने के मुद्दे पर चर्चा करने की योजना पर चर्चा की जा सकती है।*

## सार समाचार

### इबोला का प्रभाव अभी भी चिंता का विषय: डब्ल्यूएचो

**जेनेवा, शिन्हुआ।** विश्व भर के 25 से अधिक देशों में फ़ैल चुके घातक कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचो) ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि इबोला वायरस अभी भी अंतर्राष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल बना हुआ है जो अगस्त 2018 में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कोंगों से फैलना शुरू हुआ था। डब्ल्यूएचो के निदेशक टेडरोस अधानोम ने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की आपातकालीन समिति का एकमत दृष्टिकोण है कि कांगो में इबोला का प्रकोप अभी भी एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ की प्रमुख चिंता यह है कि देश में खसरा और हैजा सहित अन्य बीमारियों के गंभीर चल रहे प्रकोपों को कम किया जाए जिससे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल को वापस लेने के प्रयासों के प्रतिकूल परिणाम आ सके।

### नाइजीरिया में आतंकवादी हमले में 21 लोगों की मौत

**अबुजा, स्पूतनिक।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया में आतंकवादियों ने एक गांव पर हमला कर 21 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद जलीग के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला मंगलवार को कडूना प्रांत में फीका जिले के बकाली गांव में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 100 अज्ञात बंदूकधारियों ने हमले के दौरान कारों और मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया। इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी संगठन ने नहीं ली है। गौरतलब है कि नाइजीरिया में इस्लामिक आतंकवादी संगठन बोको हराम काफी सक्रिय है और इस तरह के हमलों को अंजाम देता रहता है। बोको हराम इस्लामिक स्टेट से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा बोको हराम नाइजर, कैमरून और चाड जैसे देशों में भी हिंसा फैलाने का काम करता है।

### भारतवंशी नेता ने 76 लाख डॉलर का चंदा जुटाया

**वाशिंगटन, भाषा।** अमेरिका में भारतवंशी नेता सारा गिडोन ने माइने राज्य से अमेरिकी सीनेट में प्रवेश की अपनी दावेदारी के लिए 76 लाख डॉलर जुटाए हैं । भारतवंशी पिता की बेटी गिडोन (48) वर्तमान में माइने स्टेट एसेंबली की स्पीकर हैं । वह नवंबर में कांग्रेस के चुनाव में रिपब्लिकन सीनेटर सुसान कोलिंस को चुनौती देना चाहती हैं। कोलिंस ने इस चुनावी दौर के लिए 1.09 करोड़ डॉलर से ज्यादा जुटाए हैं । गिडोन का प्रचार अभियान चलाने वाले कार्यालय ने कहा है कि उन्होंने 31 दिसंबर को खत्म अंतिम तिमाही में 35 लाख डॉलर की मदद हासिल की। इस तरह वह 76 लाख डॉलर का चंदा जुटा चुकी हैं। चंदा जुटाने के अभियान में ऐसे तो कोलिंस आगे चल रही हैं लेकिन अंतिम तिमाही में गिडोन ने निवर्तमान रिपब्लिकन उम्मीदवार से ज्यादा चंदा हासिल किया है । गिडोन की मां अर्मेनिया की हैं। गिडोन ने पिछले साल जून में अमेरिकी सीनेट के लिए अपनी दावेदारी पेश करने की घोषणा की थी।

## हाफिज को जेल भेजने का फैसला कितना प्रभावी होगा यह वक्त ही बताएगा : भारत

**नई दिल्ली ■ भाषा**

लश्कर ए तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को जेल भेजने का फैसला कितना प्रभावी साबित होता है यह वक्त ही बताएगा क्योंकि यह फैसला पाकिस्तान की धरती पर सक्रिय आतंकी नेटवर्क के खिलाफ इस्लामाबाद की कार्रवाई की वैश्विक निगरानी संस्था द्वारा समीक्षा किए जाने के महज कुछ दिन पहले आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह कहा।



पाकिस्तान की एक अदालत ने 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले के मास्टर माइंड हाफिज सईद को आतंक के वित्तपोषण के दो मामलों में बुधवार को 11 साल जेल की सजा सुनाई।

अदालत का यह फैसला वैश्विक आतंक निरोधी निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की पेरिस में होने वाली बैठक से महज चार दिन पहले आया है। बैठक का उद्देश्य यह देखना है कि देश में आतंकी समूहों पर लगाम लगाने के लिए तय कार्ययोजना का पाकिस्तान ने कितना पालन किया है।

पिछले वर्ष एफएटीएफ ने पाकिस्तान से कहा था कि फरवरी 2020 तक वह अपनी आतंक निरोधी योजना को पूर्ण रूप से लागू करे अथवा कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहे।

आतंक के वित्तपोषण पर रोक लगाने में नाकाम रहे पाकिस्तान को एफएटीएफ ने देशों की 'ग्रे सूची' में पहले से डाल रखा है।

भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि आतंक को समर्थन खत्म करना पाकिस्तान के लंबित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का हिस्सा है और अब यह देखना होगा कि हाफिज सईद को दी गई सजा कितनी प्रभावी साबित होती है।

पाकिस्तान में आए फैसले पर भारत सरकार के आकलन के बारे में एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, ''ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह फैसला एफएटीएफ की बैठक से ठीक पहले आया है। इसलिए यह कितना प्रभावी रहता है यह देखने बात होगी।''

सूत्रों ने कहा कि यह भी देखना होगा कि पाकिस्तान अपनी धरती में सक्रिय अन्य आतंकी संगठनों और आतंकवदियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है या नहीं।

## भारत यात्रा के लिए उत्साहित हूं : मेलानिया

**वाशिंगटन ■ वार्ता**



अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने कहा है कि वह और उनके पति एवं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने के अंत में होने वाले भारत दौरे को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सुश्री मेलानिया ने भारत दौरे पर आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया, "आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। इस महीने के अंत में अहमदाबाद और नयी दिल्ली की यात्रा को लकर उत्साहित हूं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मैं इस दौरे और अमेरिका एवं भारत के बीच करीबी संबंधों का जश्न बनाने के लिए उत्साहित हैं।"

श्री ट्रंप और सुश्री मेलानिया 24 फरवरी को भारत के अपने पहले दौरे पर आएंगे। श्री ट्रंप 24 फरवरी को एक बड़े स्टेडियम में श्री मोदी के साथ "केम छो ट्रंप' नाम की एक विशाल सभा में भाग लेंगे। यह समारोह पिछले वर्ष सितंबर में अमेरिका के ह्यूस्टन में अयोजित 'हाउडी मोदी' के समान होगा।

'केम छो ट्रंप' का आयोजन गुजरात के अहमदाबाद के नवनिर्मित सरदार पटेल स्टेडियम में होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विश्व के सबसे बड़े इस क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। समारोह में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले मंगलवार सुबह श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा था कि उन्हें इस बात से बहुत प्रसन्नता हुई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप 24 एवं 25 फरवरी को भारत यात्रा पर आ रहे हैं। भारत अपने इन खास मेहमानों का यादगार स्वागत करेगा। यह यात्रा बहुत खास है और इससे भारत एवं अमेरिका के मैत्री संबंधों को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी।

## डेमोक्रेट सांसद कर सकते हैं ट्रंप के बजट का विरोध

**वाशिंगटन ■ स्पूतनिक**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वित्तीय वर्ष 2021 के लिये प्रस्तावित 4.8 खरब डॉलर के बजट को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद खारिज कर सकते हैं।

अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की बजट समिति के अध्यक्ष जॉन यरमुथ ने कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वित्तीय वर्ष 2021 के लिये प्रस्तावित 4.8 खरब डॉलर के बजट को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक सांसद खारिज कर सकते हैं क्योंकि यह पक्षपातपूर्ण नहीं बल्कि तर्कहीन और विनाशकारी है।"


उन्होंने कहा, "राष्ट्रपति का यह विनाशकारी और तर्कहीन बजट निष्ठाहीन है और कामकाजी परिवारों तथा वंचित तबके के अमेरिकी लोगों के खिलाफ जाता दिखायी दे रहा। इसके साथ ही यह बड़े व्यावसायिक घरानों और अमीरों के लिए करों में छूट की सीमा को बढ़ाएगा।"

श्री यरमुथ ने बुधवार को कहा, " मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस अपने राष्ट्र के भविष्य के लिये राष्ट्रपति के विकृत विचारों वाले बजट के खिलाफ मजबूती से खड़ा होगी। "

यरमुथ ने कहा, "राष्ट्रपति ने कहा था कि वो अमेरिकी लोगों के लिए स्वास्थ्य कल्याण योजना में सुधार करेंगे। लेकिन एक बार फिर वह अपने किये वादों से मुकर रहे हैं और उन्होंने अमेरिकी लोगों से झूठ बोला।" बजट समिति ने अमेरिका के परमाणु हथियारों के आधुनिकीकरण पर 20 प्रतिशत अधिक खर्च करने के प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगले दस वर्षों में शिक्षा पर मात्र 170 अरब डॉलर खर्च किये जायेंगे।

## चीन में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 1367 हुई

### कोरोना वायरस से हुबेई में एक दिन में रिकॉर्ड 242 लोगों की मौत, 15000 नए मामले।



**बीजिंग ■ आईएएनएस**

चीन में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,367 हो गई है, जबकि कन्फर्म मामलों की संख्या भी बढ़कर 59,804 हो गई है। चीनी प्रशासन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के एक प्रवक्ता मी फेंग के हवाले से 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों और शिंजियांग प्रोडक्शन एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्प्स में मौतों और इसके कंफर्म मामलों की जानकारी दी है। बुधवार को हुबेई प्रांत में कोरोनवायरस संक्रमण से अब तक इस बीमारी से एक दिन में सबसे ज्यादा 242 मौतों की जानकारी मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोनावायरस को आधिकारिक नाम सीओवीआईडी-19 दिया है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि बुधवार रात तक 5,911 लोगों के ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

समाचार एजेंसी एफे की रिपोर्ट के अनुसार, हुबेई प्रांतीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि इससे पहले एक दिन में सबसे ज्यादा मौतों का आंकड़ा पिछले सोमवार को 103 था। आयोग ने कहा कि उसने प्रांत में क्लीनिकली ठीक हुए लोगों की गिनती शुरू कर दी है, जिसमें उन लोगों को भी वैसा ही इलाज मिलने लगेगा जैसा इसके परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए मरीजों का होता है। इससे पहले सिर्फ उन मरीजों का इलाज ही दुर्लभ उपकरणों से होता था जो परीक्षणों में कंफर्म हो जाते थे।

आयोग ने कहा कि डॉक्टरों को अब इसके मामले कंफर्म करने में और आसानी होगी। हुबेई स्वास्थ्य विभाग ने पिछले सप्ताह इशारा किया था कि वह संक्रमण की पुष्टि के लिए सीटी स्कैन के परिणामों को भी मान्यता देना शुरू कर दिया है, जिससे हॉस्पिटल मरीजों को जल्दी से अलग कर सकेंगे।

### अभी कोरोनावायरस के खात्मे की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी

**जेनेवा, आईएएनएस।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि चीन में कोरोनावायरस के नए मामलों में कमी आने के बावजूद इसके खात्मे के बारे में अभी भविष्यवाणी करना बहुत जल्दबाजी होगी। बीबीसी की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ट्रेडोस अधनोम घेब्रेयसुस ने कहा, 'यह महामारी अभी भी किसी भी दिशा में बढ़ सकती है।' इससे पहले, चीन ने कोरोनावायरस के नए मामलों की जानकारी दी, जो पिछले दो हफ्तों में प्रतिदिन के हिसाब से सबसे कम है। चीनी प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, इस वायरस से एक दिन में प्रभावित होने वाले लोगों का सर्वाधिक आंकड़ा पिछले सप्ताह आया था जब एक दिन में 4,000 लोगों के वायरस से प्रभावित होने की खबर आई थी।

# आर्थिकी/कंपनियां

## औद्योगिक उत्पादन गिरने से शेयर बाजार फिसला

**मुंबई ■ वार्ता**

वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर इस वर्ष जनवरी में खुदरा महँगाई के बढ़कर छह वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँचने और दिसंबर 2019 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में गिरावट आने का असर गुरुवार को शेयर बाजार पर दिखा। इसके कारण बीएसई का सेंसेक्स 106 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27 अंक उतर गया।

बीएसई का सेंसेक्स 106.11 अंक उतरकर 41,459.79 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 26.55 अंक फिसलकर 12,174.65 अंक पर रहा। बीएसई में दिग्गज कंपनियों की तुलना में मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव कुछ कम रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.01 प्रतिशत उतरकर 15,786.76 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 14,741.72 अंक पर पहुँच गया।



बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें बैंकिंग में सबसे अधिक 0.94 प्रतिशत की कमी आयी। बढ़त में रहने वाले समूहों में स्वास्थ्य 1.06 प्रतिशत, आईटी 0.88 प्रतिशत, सीडी 0.95 प्रतिशत और टेक 0.81 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 2,643 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिसमें से 1,424 लाल निशान में और 1,059 हरे निशान में रहीं जबकि 160 में कोई बदलाव नहीं हुआ। विदेशों से कमजोर संकेत मिले। अमेरिका के लगभग सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में खुले। यूरोप और एशिया के प्रमुख सूचकांकों पर दबाव देखा गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 1.33 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.14 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.34 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.24 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.89 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई का सेंसेक्स 142 अंकों की बढ़त लेकर 41,707.21 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही लिवाली के बल पर 41,709.30 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली अंतिम सत्र तक बनी रही और इस दौरान यह 41,338.31 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। अंत में पिछले दिवस के 41,565.90 अंक की तुलना में 106.11 अंक अर्थात 0.26 प्रतिशत उतरकर 41,459.79 अंक पर रहा।

### बेजोस ने 1,171 करोड़ रुपये में खरीदा आलीशन घर

**सैन फ्रांसिस्को, एएफपी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और अमेजन के मुखिया जेफ बेजोस ने लॉस एंजिल्स में 16.5 करोड़ डॉलर (1171.5 करोड़ रुपये से अधिक) का आलीशान घर खरीदा है। यह इस क्षेत्र में संपत्ति का नया रिकॉर्ड है। अमेरिकी अखबार ' वॉलस्ट्रीट जर्नल ' की खबर के मुताबिक , बेजोस ने इस आलीशन घर (वार्नर एस्टेट) को मीडिया कारोबारी डेविड गेफेन से खरीदा है। इसमें कहा गया कि यह लॉस एंजिल्स में किसी रिहायशी संपत्ति का अब तक का सबसे महंगा सौदा है। इससे पहले 2019 में लाशन मर्डोक ने बेल - एयर एस्टेट को खरीदने के लिए करीब 15 करोड़ डॉलर का भुगतान किया था।

### सोने-चाँदी में लौटी तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही मजबूती से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना गुरुवार को 335 रुपये चढ़कर करीब डेढ़ सप्ताह के उच्चतम स्तर 42,115 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। लगातार दो दिन की गिरावट के बाद सोने में तेजी लौटी है।

### ओप्पो इंडिया के अध्यक्ष बने इलविस

**नई दिल्ली, भाषा।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी ओप्पो ने इलविस झोउ को भारत में अपनी अनुषंगी ओप्पो इंडिया का अध्यक्ष बनाया है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। झोउ भारत में 2013 से कंपनी के लिए काम कर रहे है और इस दौरान इस मोबाइल हैंडसेट ब्रांड के विस्तार में अहम भूमिका निभाई है। वह अभी ओप्पो के मुंबई कार्यालय में महाप्रबंधक थे। वह ओप्पो के वैश्विक बिक्री के उपाध्यक्ष चार्ल्स वॉंग के अधीनस्थ होंगे। बाजार रिसर्च फर्म आईडीसी के मुताबिक, ओप्पो भारत में स्मार्टफोन बिक्री की लिहाज से चौथी सबसे बड़ी कंपनी है। 2019 में इसकी बाजार हिस्सेदारी 10.7 प्रतिशत है।

**कोरोना का असर**

## मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस का 2020 संस्करण रद्द

**दूरसंचार कंपनियों के वैश्विक संगठन जीएसएम एसोसिएशन ने बार्सिलोना में होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के 2020 संस्करण को रद्द करने का फैसला किया है।**

**लंदन ■ भाषा**

कोरोना वायरस का असर दूरसंचार क्षेत्र के सबसे बड़े कार्यक्रम ' मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी)' पर भी पड़ा। दूरसंचार कंपनियों के वैश्विक संगठन जीएसएम एसोसिएशन ने कोरोना वायरस से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण स्पेन के बार्सिलोना में होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के 2020 संस्करण को रद्द करने का फैसला किया है। जीएसएम एसोसिएशन (जीएसएमए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जीएसएमए साल 2006 से बार्सिलोना में इस कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के मंत्री , नीतिनिर्माता और दूरसंचार कंपनियां एवं उनके अधिकारी दूरसंचार के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आए बदलावों पर चर्चा करते हैं। जीएसएम एसोसिएशन ने बयान में कहा, 'बार्सिलोना और स्पेन में सुरक्षित और स्वस्थ माहौल रखने के लिए जीएसएमए ने एमडब्ल्यूसी के 2020 संस्करण को रद्द कर दिया है। कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताओं के चलते जीएसएमए के लिए इस आयोजन को करना असंभव है।'

दरअसल, चीन में फैले में कोरोना वायरस के चलते कई दिग्गज कंपनियों ने इस कार्यक्रम से किनारा कर लिया था। इनमें वोडाफोन, सिस्को, एलजी, विवो, एनटीटी डोकोमो, सोनी, अमेजन, फेसबुक, मीडियाटेक और इंटेल समेत अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### चावल के निर्यात से 32800 करोड़ की विदेशी मुद्रा अर्जित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक अशोक कुमार सिंह ने बासमती धान पर अनुसंधान तेज करने की जरुरत पर बल देते हुये गुरुवार को कहा कि वर्ष 2018-19 के दौरान देश को बासमती चावल के निर्यात से 32800 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुयी । डा सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश से पूसा बासमती 1121 किस्म की चावल का निर्यात सबसे अधिक किया जाता है । इसके अलावा पूसा बासमती 1509 , पूसा बासमती 1718, पूसा बासमती 1637 आदि की खेती 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में की जाती है । पूसा की विकसित धान की किस्मों से तैयार चावल के निर्यात से देश को 28000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुयी थी । डा सिंह ने कहा कि बासमती किस्म के धान की ऐसी किस्मों पर अनुसंधान किया जा रहा है जिसमें सिंचाई की कम जरुरत होगी , लागत भी कम आयेगी तथा पैदावार भी भरपूर होगा । उन्होंने कहा कि धान की कुछ नयी किस्मों को जल्दी ही जारी किया जायेगा ।

धान की अधिकांश किस्में 150 दिनों में तैयार होती हैं। किसान धान के खेत में तुरंत गेहूं की फसल लेना चाहते हैं जिसके कारण वे पराली को खेत में जला देते हैं जिससे प्रदूषण की समस्या होती है। ऐसा समय पर गेहूं की फसल लगाने के लिये किसान करते हैं ताकि वे गेहूं की भरपूर फसल ले सकें। गेहूं लगाने में देर से उसका उत्पादन बुरी तरह से प्रभावित होता है ।

डा सिंह ने बताया कि धान की ऐसी किस्मों पर अनुसंधान किया जा रहा है जो 150 दिनों की बजाय 130 दिनों में तैयार हो जाये ताकि किसानों को गेहूं लगाने के लिये पर्याप्त समय मिल सके। इन किस्मों में लम्बी अवधि के धान की तरह भरपूर पैदावार होगी और पानी की कम जरुरत के साथ ही इसकी खेती की लागत भी कम होगी।

उन्होंने कहा कि पराली को जल्दी सड़ाने गलाने के लिये पूसा डी कम्पोजर तैयार किया गया है जिसके छिड़काव और बाद में उसे मिट्टी में आसानी से मिलाया जा सकता है ।

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (गठन) नियम, 2014 की धारा 30 के अनुसार]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से अन्य राज्य में स्थानांतरण के लिए समाचार पत्र में विज्ञप्ति
**सूचना**
**केंद्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के समक्ष**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (गठन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) की अनुच्छेद (ए) के मामले में
तथा
एबीआर इंफ्रासलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय बी-114, पहली मंजिल, गणपति प्लाजा, भिवाड़ी भिवाड़ी अलवर राजस्थान 301019 के मामले में
याचिकाकर्त्ता
एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "राजस्थान राज्य" से "हरियाणा राज्य" में स्थानांतरित करने हेतु कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 10 फरवरी, 2020 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के मद्देनजर कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव के पुष्टीकरण की मांग हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन केंद्रीय सरकार के समक्ष आवेदन दायर करने जा रही है। कोई भी व्यक्ति जिनका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित बदलाव से प्रभावित हो सकता है, ऐसे व्यक्ति अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के अंदर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र भर कर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र पता आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के विपरीत, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013 के कार्यालय को सूचित करें तथा साथ में हित की प्रकृति एवं विरोध के कारण, यदि कोई है का उल्लेख करें एवं उसे हलफनामा द्वारा समर्थित कर भेजें तथा उसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पास नीचे उल्लिखित पते पर स्थित उनके पंजीकृत कार्यालय में भी भेजें।
पंजीकृत कार्यालय बी-114, पहली मंजिल, गणपति प्लाजा, भिवाड़ी भिवाड़ी अलवर राजस्थान 301019
आवेदक के लिए तथा उनकी ओर से
असमिना निदेशक
डीआईएन-06840927
स्थान: अलवर
तारीख: 14 फरवरी, 2020

**MOUNT SHIVALIK INDUSTRIES LIMITED**
CIN - L15531RJ1993PLC007168
Regd. Office: 140th Milestone, NH - 8, Village Gunti, Tehsil Behror, Distt. Alwar (Rajasthan)
Email id: shares@mountshivalik.in
STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER AND NINE - MONTH ENDED DECEMBER 31, 2019
(Rs. in Lakhs)

| Particulars | Three Months Ended | | | Nine - Months Ended | | Financial Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2019 Unaudited | 30.09.2019 Unaudited | 31.12.2018 Unaudited | 31.12.2019 Unaudited | 31.12.2018 Unaudited | 31.03.2019 Audited |
| Total Income from Operations (Net) | 72.04 | 46.15 | 147.38 | 171.65 | 281.42 | 434.22 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities before tax | (194.87) | (130.07) | 69.04 | (405.50) | (415.77) | (477.59) |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (194.87) | (130.07) | 69.04 | (405.50) | (415.77) | (477.59) |
| Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Rs.10/- Per Share) | 604.67 | 604.67 | 604.67 | 604.67 | 604.67 | 604.67 |
| Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year | - | - | - | - | - | (5,809.72) |
| Basic and Diluted Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | (3.22) | (2.15) | 1.14 | (6.71) | (6.88) | (7.90) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Bombay Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the BSE website at www.bseindia.com

For and on behalf of the Board of Directors of
Mount Shivalik Industries Limited
Sd/-
( Sanjiv Bali)
Director
DIN-00226806

Place : New Delhi
Date : February 12, 2020

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
सीआईएन : L24117RJ1979PLC002099
पंजी. कार्यालय : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
कार्पोरेट कार्यालय : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
फोन : +91-11-46865999, 41627937, फैक्स : +91-11-46865930, ई-मेल : secretarial@lordschloro.com, वेब : www.lordschloro.com

**31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एंव नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**
(रू. लाख में)

| विवरण | 3 माह समाप्त 31 दिसम्बर, 2019 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31 दिसम्बर, 2019 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 31 दिसम्बर, 2018 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| कुल आय | 4,586.13 | 16,551.86 | 6,622.34 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 142.96 | 1,777.61 | 1,086.61 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 142.96 | 1,777.61 | 1,086.61 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 106.62 | 1,262.65 | 772.99 |
| वर्ष हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 107.24 | 1,264.50 | 769.04 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| अन्य इक्विटी पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | - | - | - |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी प्रचालनों हेतु): | | | |
| (क) मूल | 0.42 | 5.02 | 3.06 |
| (ख) तनुकृत | 0.42 | 5.02 | 3.06 |

**नोट्स :**
1) उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण और अनुशंसा लेखापरीक्षा समिति द्वारा और आगे विचार और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2020 को सम्पन्न उनकी बैठक में किया गया है। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सेबी (सूचीबध्हता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत सीमित पुनरीक्षण पूर्ण किया गया है।
2) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबध्हता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एंव नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एंव नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.lordschloro.com पर उपलब्ध है।
3) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के अधीन अधिसूचितानुसार भारतीय लेखांकन मानक ("आईएनडी एएस") के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4) कम्पनी ने आईएनडी एएस 116 "लीजेज" 01 अप्रैल, 2019 के प्रभाव से संशोधित पूर्वप्रभावी विधि का प्रयोग करते हुए लागू किए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियमावली, 2019 में कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है। इस मानक को अपनाने से वर्तमान तिमाही के लाभ पर कोई भौतिक प्रभाव नही पड़ा।

वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
अजय विरमानी
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00758726

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 12-02-2020